Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-03-2023 | अंक 514

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा देकर लौट रहे विद्यार्थी सड़क दुर्घटना में हुए घायल



**अपेम लाइव : बरही**

बरही धनबाद रोड के नजदीक देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में परीक्षा देकर लौट रहे दो विद्यार्थी घायल हो गए। घायलों का पहचान भंडारों पंचायत अंतर्गत पुरहरा गांव के रिंकी कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता महेंद्र पंडित एवं मो सद्दाम अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता मुनिरुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों छात्र बरही प्लस टू हाई स्कूल से परीक्षा देकर अपना घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में धनबाद रोड में स्थित पेट्रोल पम्प के नजदीक गैस टैंकर वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटनास्थल पर मौजूद मो इसरार अपना निजी वाहन से दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### गया रोड में ऑटो पलटने से पांच महिला घायल, एक रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही गया रोड में स्थित ओवरब्रिज के नजदीक हुई ऑटो पलटने से पांच महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिलाओं में गुड़िया कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता स्व गणेश तुरी करमाटांड़ इचाक, उर्मिला देवी उम्र 35 वर्ष पति बालगोविंद तुरी दोवाड गया, कविता देवी उम्र 22 वर्ष पति राजेश तुरी करमाटांड़ इचाक, मालती देवी उम्र 40 वर्ष पति राजेश तुरी असनाबाद कोडरमा एवं पूजा कुमारी उम्र 17 वर्ष असनाबाद कोडरमा शामिल है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार सभी महिलाएं ऑटो से सिंघरावा शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में महिलाओं से भरी ऑटो ओवरब्रिज के नजदीक पलट गई। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### रामनवमी पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए : इंद्रदेव यादव



**अपेम लाइव : बरही**

रामनवमी पूजा पर जिला प्रशासन पर लगाए गए प्रतिबंध को देखते हुए भाजपा युवा नेता इंद्रदेव यादव ने कड़ा विरोध करते हुए कहा की 13 मार्च को बरही अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बरही में निषेधज्ञा लागू लागू कर दिया गया। जिससे रामनवमी प्रेमियों में निराशा और रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा की जुलूस में पारंपरिक हथियार एवं लाठी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसको लेकर कहा कि पौराणिक परंपरा के अनुसार सभी समितियों के सदस्य अस्त्र – शस्त्र एवं लाठी चालन से कला कौशल एवं खेल प्रदर्शन करते है, इसीलिए इस पर लगा प्रतिबंध को हटाया जाए। जिससे रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।

APEM LIVE

# एसपी के निर्देश पर नाबालिग लड़की की हत्या के आरोपियों को 24 घण्टा के अंदर किया गया गिरफ्तार, एसडीपीओ

## पुलिस पर आम लोगो को बढ़ी विश्वास

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : पुलिस कप्तान राकेश रंजन के द्वारा गठित पुलिस टीम ने 24 घण्टा के अंदर मृतिका के हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।उक्त बातें एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा। एसडीपीओ श्री कुमार ने कहा कि वादिनी रुखमणी देवी पति भुनेश्वर पाण्डेय ग्राम छोटकी देवरीया थाना सदर जिला चतरा के फर्दबयान के आधार पर इनकी बेटी काल्पनिक नाम रेखा कुमारी उम्र करीब 17 वर्ष का निर्मम हत्या करने के आरोप सदर थाना कांड संख्या 59/23 दिनांक 15.03.2023 दर्ज किया गया था। पुलिस अधिक्षक द्वारा कांड का त्वरित उदभेदन करने के लिए एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार के नेतृत्व में एस0आई0टी0 टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ड०ग स्क०यड, फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट एवं तकनिकी शाखा की सहायता से 24 घंटे के अंदर घटना को उदभेदित किया। हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त 1. अनमोल पाण्डेय पिता जगदेव पाण्डेय साकिन बड़की देवरीया के साथ उसके सहयोगी 1. अमित पाण्डेय पिता शिवदेव पाण्डेय 2. राजदीप पाण्डेय पिता गोपाल पाण्डेय दोनो ग्राम छोटकी देवरीया सभी थाना सदर जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया। अभियुक्त अनमोल पाण्डेय के द्वारा कांड में प्रयुक्त चाकु को भी बरामद कर लिया गया। एसडीपीओ श्री कुमार ने बताया कि जप्त किये गये समानों में



1. कांड में प्रयुक्त खुन लगा चाकु, 2. घटना कारित करते समय अभियुक्त अनमोल पाण्डेय का वस्त्र । 3. मृतिका का खुन लगा दुपट्टा 4. घटना स्थल से टुट्टा हुआ मोबाईल का टुकडा एवं कवर, 5. घटना स्थल से खुन लगा मिट्टी और अभियुक्तो के पास से 03 (तीन) रीयल मी कम्पनिका मोबाइल शामिल है। इस ब्लाइंड मर्डर के बाद पुलिस पर आम लोगो का विश्वास भी बढ़ गया।एसआइटी टीम में एसडीपीओ अविनाश कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली सदर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक बीना कुमारी, सदर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार, सदर थाना एंव सदर थाना सशस्त्र बल के अतिरिक्त तकनिकी शाखा चतरा शामिल हैं।

# टीएसपीसी का एक उग्रवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## लातेहार के विकास में बाधक हैं उग्रवादी संगठन : अंजनी अंजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : पुलिस कप्तान अंजली अंजन के नेतृत्व में लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। बालूमाथ पुलिस को एक बार फिर उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अंजली अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र से टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य कुलदीप गंझू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि लातेहार घोर उग्रवाद प्रभावित जिला है और लातेहार के विकास में उग्रवाद सबसे बड़ी बाधा है। यहां पर उग्रवाद में भाकपा माओवादी, जेजेएमपी टीएसपीसी और कई छोटे–छोटे स्पलिन्टर ग्रुप विकास कार्य में बाधा पहुच. ाने के लिये पनप जाते हैं। उग्रवादियों के खात्मा और लातेहार के सम्पूर्ण विकास के लिये लातेहार पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उग्रवादियों के विरुद्ध पिछले दो साल के दौरान चलाये गये ऑपरेशन उबल बुल एवं ऑपरेशन ओ. क्टोपस से माओवादी को बहुत बड़ा झटका लगा है और चलाये जा रहे अभियान से उग्रवादियों को एक मैसेज गया है कि लातेहार पुलिस किसी भी हालत में उनसे लड़ने एवं उनके खात्मे के लिये हर तरह से तैयार है। उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एक और सफलता जुट गई है। पुलिस कप्तान ने बताया कि सूचना मिली थी कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के आक्रमन जी उर्फ आक्रमन गंझू, सहदेव जी एवं कुलदीप गंझू बारियातु थाना अंतर्गत ग्राम पि. पराडीह के जंगली क्षेत्र की ओर लेवी/रंगदारी लेने के फिराक में आया हुया है। इसी सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर अनुण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में टीम गठन कर सूचनास्थल के लिए प्रस्थान किया। ग्राम पिपराडीह पहुं.



चने कुछ हथियार बंद जंगल में भागने लगे तब सशस्त्र बल के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद एक उग्रवादी को पकड़ा गया जिससे नाम पूछने पर अपना नाम कुलदीप गंझू उर्फ कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी, उम्र 28 वर्ष, पिता हरिज्ञान मेहता, ग्राम–पल्हैया थाना मनिका, जिला लातेहार बताया। ये पूर्व में भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य था। वर्ष 2016 में सरेंडर करने के बाद वर्ष 2017 में जेल से निकला, उसके बाद वर्ष 2022 में रौशन उरांव के सम्पर्क में आने के बाद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी में चला गया और रौशन उरांव के टीम में सब जोनल कमाण्डर के पद पर था। इसके द्वारा लातेहार, पलामू जिला अन्तर्गत मनिका, पांकी, बालूमाथ, बारियातु थाना अन्तर्गत विभिन्न घटना को अंजाम देने की बात बताया गया। विदित है कि इसके विरुद्ध में बालूमाथ थाना कांड सं0 207/22 धारा–147/148/149/38 7/120 (बी) भादवि 25(1–ए) /25 (1–बी)ए/ 26/35 आर्म्स एक्ट 25 (6)/25 (7)आर्म्स एमेंडमेंट एक्ट– 17 सीएलए दर्ज है। बरामद सामान 1. एक एंड्रॉयड मोबाईल फोन। 2. दो जीओ कंपनी का सीम। छापामारी दल में बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार, शशिरंजन कुमार, राणा भानु प्रताप सिंह, मुकेश चौधरी, प्रशांत प्रसाद, बिन्देश्वर महतो, विश्वजीत तिवारी, कुबेर साव और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

24 घंटे सेवा
HOTEL
9122662308
6299699176
आकाश पैलेस
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस
Ravi Art

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## चतरा पुलिस को मिल रही है अफीम तस्करों के खिलाफ लगातार सफलता

### प्रतापपुर पुलिस ने गिला अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : चतरा के जांबाज आरक्षी अधीक्षक राकेश रजंन के नेतृत्व में अफीम तस्करों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है।इसी कड़ी में गुरुवार को एक और अफीम तस्करों के खिलाफ पुलिस को सफलता हाथ लगी और अंतर्राज्यीय अफीम माफिया गिरोह के तस्करों के विरुद्ध प्रतापपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। प्रतापपुर पुलिस ने चार किलो अफीम के साथ गिरोह के दो तस्कर को भी गिरफ्तार की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर अंचल अधिकारी मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक लव कुमार के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम ने की कार्रवाई। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चरका खुर्द गांव से राजेश शर्मा और बिहार के गया जिला निवासी राजेश विश्वकर्मा नामक दोनों तस्कर की हुई गिरफ्तारी। तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन, अफीम माप तोल करने का इलेक्ट्र०निक वेटिंग मशीन व हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक जप्त। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस क०न्फ्रेंस कर की कार्रवाई की पुष्टि। अभियान में एसआई अखिलेश यादव, निताई चंद्र साहा व जितेंद्र उरांव समेत सशस्त्र बल के जवान थे शामिल।

## ट्रक से निकला 38 प्लास्टिक ड्रम, 5040 खाली बोतल, 7600 लीटर स्प्रिट, तस्कर पुलिस के पकड़ से बाहर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना के आधार चौपारण थाना अन्तर्गत ग्राम नेवरी करमा स्थित जंगल में एक ट्रक लावारिस अवस्था में गुरुवार को जप्त किया गया था। उक्त निर्देश के आलोक में थाना में जप्त ट्रक सं डब्लू 365डी -7478 को विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम 38 प्लास्टिक के ड्रम में शराब बनाने वाले स्प्रीट, प्रत्येक ड्रम में करीब 200 लीटर, कुल 7600 (सात हजार छः सौ ) लीटर अवैध स्प्रीट तथा शराब का खाली बोतल 252 कार्टुन, प्रत्येक कार्टुन में 20 खाली बोतल कुल 5040 खाली बोतल, एंव ट्रक के केबिन से तीन विभिन्न नम्बर प्लेट मिला। चौपारण थाना में उत्पाद विभाग द्वारा दिये आवेदन के आलोक में चौपारण थाना कांड सख्या 85/23 धारा 414 34/272/273/290/467 /468/ 482 अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस तरह चौपारण पुलिस द्वारा अवैध शराब के बड़े कारोबार का उदभेदन किया गया जिससे अवैध शराब कारोबारियो को काफी नुकसान हुआ है। जप्त किये गये स्प्रीट एंव शराब का खाली बोतल का अनुमानित किमत करीब 14-15 लाख रुपये होगी। थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर ने बताया कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध अनुसंधान की जा रही है, शीघ्र ही इस कारोबार में संलिप्त व्यक्तियो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जाएगा।

## बरही : अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है बरही का मवेशी अस्पताल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही : प्रखण्ड के एक मात्र मवेशी अस्पताल पिछले पांच वर्षो से अपनी जर्जर भवन की दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है लेकिन इस अस्पताल के आँसू पोछने वाला पिछले पांच कर्षो से कोई नहीं मिला। बताते चलें कि प्रखण्ड परिसर में स्थित पानी टंकी के बगल में स्थित है मवेशी अस्पताल का वह जर्जर बिल्डिंग, जिसमे ना ही अच्छी खिड़कियां है और ना ही बढ़िया दरवाजा है। वह भवन पिछले पांच वर्ष से खुद बीमार है तो वहां से बीमार जानवरो का इलाज वह कैसे करेगा। इस अस्पताल में छत का भी जर्जर स्थिति है, सभी खिड़कियां टूटी फूटी स्थिति में है।बरसात में तो उसमें बैठना भी खतरे से लड़ना है। बरसात में अभी खिड़कियों से रूम में पानी तो घुस ही जाता है छत्त से भी पानी टपकते रहता है। ऐसे में बीमार मवेशियों का इलाज संभव नहीं होगा।

## टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत, कहा देर है पर अंधेर नही

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तिलेश्वर साहू हत्याकांड के आरोपी बिनोद यादव को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के इस फैसले का शहीद तिलेश्वर साहू के बड़े पुत्र अरूण साहू ने सक. ारात्मक फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि बुरा करने वालों के साथ अंत में बुरा ही होता है। भले ही हमें इंसाफ मिलने में थोडी़ देर हुई पर अंततरू सच्चाई की जीत हुई। वहीं तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार ने मीडीया से बात करते हुए कहा कि कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है किंतु इस मामले में जुड़े अन्य षडयंत्रकारियों को भी सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसी मानसिकता के लोगों को सबक मिल सके। बरही प्रखंड प्रधान महासचिव बिसुनधारी महतो व उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर ने स्व. तिलेश्वर साहू को याद करते हुए कहा कि वे जनमानस के सच्चे नेता थे जो लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। वे बेहद कम समय में ही अपनी सेवा भावना के कारण बरही विधानसभा के लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके थे। वे बरही वासियों के बीच बहुत लोकप्रिय थे। टीएसएस मीडीया प्रभारी ने स्व. शहीद तिलेश्वर साहू को बरही का मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि वे बरही के लोगों के लिए इतना काम किया जिसकी कोई गिनती नहीं है। बिना पद के उन्होंनें बहुत सारे कार्य किए। वो भले ही हमारे बीच नहीं हैं किंतु वे हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 17-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## झारखंड आंदोलनकारी मंच की नयी समिति का हुआ गठन, राजेश बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : झारखंड आंदोलनकारी मंच प्रखंड समिति बालूमाथ की एक दिवसीय सम्मेलन शिबू उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक का संचालन डॉ प्रभात मिंज ने किया।सम्मेलन में पुर्व की समिति को भंग कर प्रखंड समिति का पूर्ण गठन किया गया।जिसमें सर्व समिति से देवलाल उरांव को अध्यक्ष ,राजेश उरांव को उपाध्यक्ष, बनारसी उरांव को सचिव, रंगलाल उरांव उप सचिव एवं शिबू उरांव को कोषाध्यक्ष चुना गया।साथ ही प्रखंड कार्यसमिति में महेश उरांव,,रूपन उरांव महादेव उरांव, जयपाल उरांव, परमेश्वर उरांव, ब्रह्मदेव उरांव को रखा गया है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार जिला में आंदोलनकारी काफी संघर्ष किए परंतु झारखंड गठन के बाद सभी आंदोलनकारी अलग-थलग पड़े हैं।इनका पहचान भी चिन्हिती करण आयोग के द्वारा नहीं हो पा रहा है।इसलिए नई समिति का जिम्मेवारी बनता है कि हमारे आंदोलनकारियों का चिन्हिती करण जल्द से जल्द करवाया जाए। मौके पर जिला सचिव नंदकिशोर सिंह जिला कोषाध्यक्ष बृजलाल गुप्ता संरक्षक डॉ प्रभात मिंज जिला कार्यसमिति के सदस्य महेश भगत नागदेव उरांव शंकर उरांव लालू उरांव के अतिरिक्त सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिले के गारू प्रखंड के बारेसाड़ व मायापुर पंचायत में आज बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित गारू प्रखंड के प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने केंद्र द्वारा संचालित योजना तथा झारखंड सरकार के दमनकारी नीतियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। मनिका विधानसभा गारू मंडल बूथ संख्या 235/238/237 में बूथ विस्तार अभियान के अंतर्गत शक्ति केंद्र-बारे. साड एवं मायापुर पर पन्ना प्रमुखों की संगठन ऐप पर इंट्री कराई गई।इस अवसर पर डेढ़गांव बूथ अध्यक्ष बलराम यादव, रामशैली बूथ अध्यक्ष विकास प्रसाद को बनाया गया।मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार गारू मंडल के महामंत्री संतोष यादव एवं भाजयुमो गारू मंडल अध्यक्ष अनूप कश्यप सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता मंडल महामंत्री कौशल यादव एवं बारेसाढ शक्ति केंद्र के संयोजक निरंजन प्रसाद उपस्थित रहे।

## छोटकी बरही में महायज्ञ के समापन पर जागरण का आयोजन, रात भर झूमे श्रद्धालु





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही (हजारीबाग) : प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ हो गया। वही समापन के अंतिम दिन शानदार माता का जागरण का कार्यक्रम आयोजन किया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी बरही विधानसभा तापेश्वर साहू ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू भी उपस्थित थे। महायज्ञ समिति की ओर से मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम माता रानी की अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। उसके बाद गुरु वंदना, गणेश वंदना, सरस्वती वंदना तथा ज्योति वंदना के साथ जागरण का शुभारंभ हुआ। धनबाद से आए गोलू जी छोटा लक्खा, राजलक्ष्मी, जीतू झारखंडी, सरिता पांडे जैसे कलाकारों ने सुंदर-सुंदर भजनों के साथ माता रानी का गुणगान किया। भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा, निमिया के डाल मैया.. आदि भजनों से देर तक श्रोताओं को आनंदित किया। उसके बाद अन्य कलाकारों ने शानदार झाकियां भी प्रस्तुतियां दीं, जिनसे पंडाल का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। ऐसे में श्रद्धालु भोर होने तक भक्ति गंगा में डुबकियां लगाते रहे। सुबह में चार बजे तक माता का जागरण चला, आरती करने के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष रामअवतार साहू, सचिव राजदेव गुप्ता, बीरेंद्र कुमार, बीरबल साहू, सिकंदर कुमार, मनोज साहू, दीपक कुमार, प्रकाश साहू, चौरंगी लाल गुप्ता, पूरन देव साहू, उपाध्यक्ष मिथिलेश साहू, खेलावन साहू, वासुदेव साहू, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, बिरजू साहू, संरक्षक सरयू साहू, कैलाश साहू, नारायण साहू, विजय साव, खेमलाल साहू, जिबलाल साहू, सीताराम साहू, जगदीश साहू, विशेश्वर साहू, श्यामदेव साहू, मुनिलाल साहू, गुलाब साहू, बिकास कुमार व युवाओं में सूरज कुमार, मुकेश कुमार, सत्येंद्र साहू, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार, जय नारायण कुमार, नौरंगी कुमार, देवराज कुमार, मंटू कुमार, कैलाश कुमार, जयंत कुमार सहित कमिटी के लोग तत्परता के साथ लगे हुए है







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का पाचवां मैच, लातेहार ने दुमका को 82 रन से दी मात

### लातेहार के आकाश कुमार सिन्हा ने झटके 5 विकेट ,बने मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : रंधीर वर्मा टॉफी क्रिकेट लीग का पांचवा मैच लातेहार तथा दुमका के बीच खेला गया । टॉस हारकर लातेहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट के खोकर 198 रन ही बनाए । जिसमे प्रभात कुमार यादव 74, रौशन कुमार गुप्ता 50 तथा जयदेव ने 33 रन का योगदान दिया । दुमका की ओर से समीर कुमार 4 तथा विनय कुमार ने 2विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी दुमका की टीम 23 वे ओवरों में हीं 116 रन पर ढेर हो गई। जिसमे लक्ष्मण कुमार 39 तथा विशाल कुमार ने 37 रन का योगदान दिया।लातेहार की ओर से आकाश कुमार सिन्हा 5, राकेश कुमार साहू 2, प्रभात कुमार यादव , रामकुमार साहनी तथा राजवीर ने एक एक विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लातेहार के आकाश कुमार सिन्हा को संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह के द्वारा दिया गया । मैच के अंपायर रमेश कुमार सिंह तथा हेमंत कुमार ठाकुर थे जबकि स्कोरिंग गजेंद्र कुमार ने किया । मौके पर संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, मैच पर्यवेक्षक अनवर मुस्तफा, रामनाथ अग्रवाल, सुनील कुमार सौंडीक, निर्दोष कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद , उमाकांत प्रसाद, संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार , कमिटी मेंबर नीरज कुमार सिंह , लाल आशीष नाथ शहदेव, शैलेश कुमार, दिलीप कुमार , साकेत शर्मा समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

## अवैध पशु लदा टेम्पो जप्त, चालक गिरफ्तार, जेल






**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने अवैध पशु लदा एक टेम्पो किया जप्त। चालक को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिला था कि टेम्पु सं0-JH10AV-7629 पर अवैध रुप से प्रतिबंधित पशु लोडकर तस्करी करने के लिए महराजगंज की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्रातः गश्ती में गये पदाधिकारी स0अ0नि0 संजय हाँसदा को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया, जिनके द्वारा उक्त टेम्पु को ग्राम बिगहा बाजार के पास से जप्त कर विधिवत तलाशी लिया गया जिसमें दो पशु लदा पाया गया। टेम्पो को जप्त कर चौपारण थाना लाया गया। इस सं. बंध में चौपारण थाना काण्ड सं0- 84/ 23 दिनांक- 17/03/23 धारा 414/34 भा0द0वि0 3/4(ए)/5/12/13 झा0 गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि0 एंव 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधि0 दर्ज कर अभियुक्त चालक सोनु कुमार मोदी पिता प्रदीप मोदी, बड़की धमराय, तिलैया कोडरमा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजी जा रही है।

## आर एस एस एवं विहिप के कार्यकताओं ने किया बरही शमशान घाट की सफाई

### शमशान घाट को हमेशा रखें साफ, यही होती है अंतिम विदाई : नंदकिशोर कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




शमशान घाट की सफाई करते विहिप एवं आरएसएस के कार्यकर्ता

विश्व हिंदू परिषद के अनुषंगी इकाई बजरंग दल सेवा सप्ताह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साप्ताहिक सेवा कार्य के तहत संयुक्त रूप से शमशान घाट की सफाई की गई।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवाजी प्रभात शाखा बरही, स्वामी विवेकानंद शाखा रसोइया धमना एवं विश्व हिन्दू परिषद बरही के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। प्रातः काल से ही कार्यकर्ता सफाई उपकरण के साथ शमशान घाट पर उपस्थित होने लगे और तन मन से सफाई कार्य में लग गए। इस कार्य क्रम का नेतृत्व विहिप प्रखंड अध्यक्ष. नंदकिशोर कुमार एवं आर एस एस के क्षेत्रीय प्रमुख त्रिवेणी साहू ने किया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि सफाई स्वस्थ जीवन का आधार है , ऐसी स्थिति में शमशान घाट जो कि सनातन परिवारों की मुक्ति का अंतिम पड़ाव स्थल है।किसी व्यक्ति की अंतिम विदाई में सैकड़ों की संख्या में लोग घाट पर आते हैं और गंदगी के कारण उन्हें बैठने उठने में काफी परेशानी होती है। हमसबों ने निर्णय लिया कि इस परिसर को साफ सूथरा रखा जाय और हमलोगों ने अभियान में इसे शामिल कर आज साफ सफाई का कार्य किया।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति यहाँ क्रियाक्रम करने आते हैं। वे यत्र तत्र वस्त्र आदि सामान नहीं फेंके और नाई बंधु भी बाल की उतराई करने के बाद बाल को परिसर के बाहर फेंक दें ।ताकि परिसर की सफाई बनी रहे।इस कार्यक्रम में जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार , जिला गौ सेवा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता , प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी , खण्ड कार्यवाह प्रभू राणा, शारी. रिक प्रमुख शीतल साहू , बजरंग दल संयोजक अर. विंद कुमार ,निरंजन केसरी, जयंत कुमार, लक्ष्मण साहू सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विधायक के प्रयास से मासीपीड़ी में बिजली बहाल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीड़ी( मडैया टोला) के ग्रामीणों को बिजली समस्या से निजात मिली ज्ञात हो कि ग्राम मासीपीड़ी के मडैया टोला में ट्रांसफार्मर विगत 10 दिनों से खराब थी जिसको लेकर मासीपीड़ी के ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव से मिल कर समस्या का समाधान हेतु बात किये थे जिसका फलस्वरूप आज ग्राम मासीपीड़ी में ट्रांसफार्मर लगाया गया और साथ ही इस नेक कार्य के लिए जनता ने विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किये । मौके पर उपमुखिया बैजनाथ प्रसाद जी, भुनेश्वर मंडल उर्फ नेता जी, दशरथ प्रसाद, प्रसादी मंडल, जागेश्वर राणा, विश्वनाथ प्रसाद, वकील कुमार ,नन्देव प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।




UDISE CODE - 20040105606
Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783
Principal : 9470318683

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की अहम बैठक संपन्न ,विस्थापन मुद्दे को लेकर हुई चर्चा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव लंगातू नर्सरी में खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति का बैठक किया गया। इसकी अध्यक्षता गोविंद महतो ने एवं संचांलन पंसस कृष्णा राम ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद के भाई इंटक सचिव सुमित कुमार शामिल हुए । बैठक में मुख्यरूप से प्रभावित, विस्थापित मुद्दों से संबंधित चर्चा किया गया साथ ही कमिटी का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें अन्य सदस्यों को जोड़ा जाएगा। सुमित कुमार ने कहा कि आप लोग संगठन को मजबूत कीजिए तभी कुछ हो पायेगा। टीम मोबलाइजर और रैयतों के साथ है । गोविंद महतो ने कहा कि कोर कमेटी का विस्तार किया जायेगा और संविधानिक तरीका से प्रवेक्षक के उपस्थित में नियम संगत से चुनाव किया जायेगा । मौके पर सुमित कुमार, गोविंद महतो, सुरेंद्र दास, कृष्ण राम, राकेश मिश्रा, बिरेंद्र ओझा, दिनेश कुमार दास,अजीत मिश्रा,कृष्ण ओझा, रामचंद्र साव,मो रफीक अंसारी, मो शमीम , पदुम साव, करम राम,आलोक कुमार,निर्मल राम,रोहित सिंह,सिकेंद्र साव,अर्जुन महतो,बिनोद साव, मो महताब, सुरेंद्र यादव , गोदनाथ महतो, बालेश्वर महतो,मो बरकत , मो अनवर मिया, करमा भईया, तापेश्वर साव एवम टीम के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।

## महुआडांड बीडीओ ने डीलरों के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड/लातेहार ; महुआडांड प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ अमरेन डांग की अध्यक्षता में प्रखंड में संच. ालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार की बैठक आयोजित की गई । बैठक में बीडीओ अमरेन डांग के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारो को ससमय राशन दूकान खोलने, चावल दिवस पर हर हाल मे दूकान खोलने, लाभुकों का राशन कार्ड अपने पास नही रखने तथा मृत या शादी हो चुके व्यक्ति का सूचना देने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक कम राशन वितरण करने को लेकर नाखुशी जाहिर करते हुए बीडीओ अमरेन डांग ने सभी डीलरों को 25 मार्च तक शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। इस मौके पर गोदाम प्रबंधक संजय मिंज, डीलर संघ अध्यक्ष रामदत्त गुप्ता,आदि समेत लगभग सभी डीलर मौजूद थे।

## हजारीबाग में गिद्ध संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण

### गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है : सत्य प्रकाश

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार के बैनर तले हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल गिद्ध संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर दिवसीय प्रशिक्षण जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन प्रबंधन संरक्षण समितियों के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में जंगलों में महुआ चुनने वालों एवं जंगल में शिकारी करने वालों के द्वारा आग लगा दिया जाता है, उससे निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय बताए गए । आरसीसी एफ के द्वारा बताया गया कि सबसे पहले गांव - गांव में जाकर ग्रामीणों को इसके बारे में जागरूक कीजिए। लोगों को समझाइए कि महुआ चुनने के पहले सूखे पत्ते को एक जगह हटा लें उसके बाद महुआ चुनें। जंगलों में आग लगने से हानि होने वाले नुकसान के बारे में बताइए। वहीं वन समिति के सदस्यों ने अपना -अपना विभिन्न समस्याओं को रखा , जैसे बड़कागांव रेंज में 33 सबबिट के विरुद्ध मात्र 7 वन कर्मी हैं। तथा जंगलों मेंआग बुझाने के लिए मात्र दो फायर ब्लोअर हैं जो पर्याप्त नहीं है। वही काण्डतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के सदस्य सह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खैरातरी के शिक्षक कुलेश्वर कुमार ने कहा कि हम लोग लगातार 6 वर्षों से जंगलों में आग बुझाते आ रहे हैं। मशीन उपलब्ध नहीं हो पाता है तो झाड़ियों से आग को बुझाना पड़ता है। प्रशिक्षण में गिद्ध संरक्षक सत्य प्रकाश के द्वारा प्रशिक्षण के रूप में बताया गया कि गिद्ध हम मानव के लिए सफाई कर्मी के रूप में काम करने वाले पक्षी के रूप में जाना जाता है। गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। गिद्ध धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर है। गिद्धों का विलुप्त होने का मुख्य कारण उन्हें पर्याप्त मात्रा में भोजन ना मिलना। बीमार जानवरों को ठीक करने के लिए दवा के रूप में डाइक्लोफेनेक करना। बीमार जानवरों को ठीक करने के लिए डाइक्लोफिनेक दवा दिया जाता है ।और मर जाने के बाद उस जानवर को खुले स्थानों में फेंक दिया जाता है और जब गिद्ध उस जानवर को खाते हैं, जिससे गिद्धों का लिवर और किडनी खराब हो जाता है और अंततः गिद्धों का मृत्यु हो जाती हैं।

## सार्वजनिक रामनवमी पूजा चंपाडीह के अध्यक्ष बने संदीप कुमार

### शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न करवाना हमारा लक्ष्य : संदीप कुमार

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**



पदमा प्रखंड अंतर्गत चंपाडीह समुदायिक भवन में सार्वजनिक रामनवमी महासमिति का बैठक संजय मेहता के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संदीप कुमार मेहता को अध्यक्ष, सचिव गौतम कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष नरेश मेहता को चुना गया। साथ ही सलाहकार के रूप में पूर्व मुखिया सादे प्रसाद मेहता, प्रेम मेहता पिरु मेहता, सुनील मेहता, कपिल देव मेहता, किशोरी मेहता, रूपलाल मेहता एवं अरविंद मेहता को चुना गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश मेहता, रामदेव कुमार, सत्यनारायण प्रसाद मेहता, श्याम सुंदर पांडेय, विनय मेहता, संजय मेहता उर्फ केवी प्रसाद मेहता, विकास मेहता सुजीत मेहता, सतीश मेहता, रामानंद गिरी, रामजी,विक्रम प्रसाद मेहता, राजेश मेहता, शंकर तिवारी , श्याम सुंदर पांडे एवं बीरबल मेहता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




